राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहु ॅचे -राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर/भरतपुर, 10 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुॅचाकर अधिकारी आमजन के जीवन स्तर में सुधार के साथ उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें।

राज्यपाल सोमवार को भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्वेश्य अन्तिम छोर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निर्बाध रूप से लाभ मिले जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार हो सके। दूरदराज के गॉव में योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाये कि अधिक से अधिक लोगों को उसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं की प्रगति के लिये टीम भावना के साथ कार्य करते हुये समन्यवित प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मनरेगा में जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रोजगार मिले उसे बाहर नहीं जाना पडे इसके लिये कार्यों का आंकलन कर तैयार रखें। उन्होंने औसत मजदूरी बढाने एवं मनरेगा के कार्यों को वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये जिससे जल संरक्षण का उद्वेश्य भी साकार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श गॉव योजना में अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉवों में कार्यों का आंकलन मूलभूत सुविधाओं के अनुसार करते हुये आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल श्री बागडे ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सभी परिवारों के शौचालय बनवाने, गॉव को साफ सुथरा रखने के लिये कार्य योजना बनाने, वेस्ट वाटर के शुद्धिकरण के प्रयास करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं अन्य योजनाओं के विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुये समूह के उत्पादों की मार्केटिंग की जाये। उन्होंने गॉवों को प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने, जल जीवन मिशन में सभी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, कुसुम व प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहु ॅचाने व जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि लम्बित कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी किये जायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल खराबे के आधार पर किसानों को सहायता समय पर दी जाये। मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिये ग्राम स्तर तक काश्तकारों को जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में कोई पात्र किसान लाभ से वंचित नहीं रहे इसके लिये राजस्व व कृषि विभाग निरन्तर प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पात्रजनों को योजनाओं की जानकारी देते हुये समय पर ऋण वितरण के साथ व्यवसाय बढाने के लिये भी प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर ऋण जमा कराने के लिये भी प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को भविष्य में योजना का लाभ मिल सके। उन्होने अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनसीआर प्लानिंग, पीएम खनन कल्याण, गौशाला अनुदान योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की।

Swachh Bharat Mission (Gramin)